सूर्यकुमार ने मैच को रूख बदलने वाला कैच लपकने के दौरान जागरूकता दिखाते हुए सही फैसला किया। कैच लेते समय यह जानने का आत्मविश्वास होना कि वह गेंद फेंककर वापस आकर कैच लपक सकता है।
– टी. दिलीप

भारतीय फील्डिंग कोच, सूर्यकुमार द्वारा लिए गये कैच पर कहा।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

सुनीता मीणा

उज्बेकिस्तान में एक से पांच जुलाई तक आयोजित होने वाली ओलम्पिक खेल लैक्रोज़ की एशियाई सीनियर महिला प्रतियोगिता में भाग लेने वाली भारतीय टीम की राजस्थान के उदयपुर जिले की सुनीता मीणा को कप्तान तथा जुला गुर्जर उप कप्तान घोषित की गई हैं। प्रशिक्षक नीरज बत्रा के अनुसार राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय उदयपुर की छात्रा सुनीता मीणा के भारतीय लैक्रोज़ टीम की ऐतिहासिक प्रथम कप्तान एवं जुला के उपकप्तान बनने पर राजस्थान के खेल प्रेमियों में उत्साह का माहौल है।

क्या आप जानते हैं ?... भारत के बीएस चन्द्रशेखर विश्व के एकमात्र ऐसे खिलाड़ी है जिन्होंने अपने टेस्ट कैरियर में बनाए गए रनों से अधिक विकेट प्राप्त किये। उन्होंने टेस्ट मैचों में 166 रन बनाए और 242 विकेट लिये।

स्पष्ट और शांतचित रहने से मिली सफलता : बुमराह

ब्रिजटाउन, 30 जून। टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के लिये भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को प्लेयर आफ द टूर्नामेंट चुना गया। बुमराह ने आठ मैचों में 15 विकेट लिये

लेकिन उनका योगदान इन आंकड़ों से कहीं अधिक था जिसकी बदौलत भारत ने 17 साल बाद टी20 विश्व कप जीता। बुमराह ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल में रीजा हेंडरिक्स और मार्को जेनसन के विकेट लिये। उन्होंने पुरस्कार वितरण समारोह में कहा ,'' मैने शांतचित्त होकर खेलने की कोशिश की। हम इसी के लिये खेलते हैं और मैं सातवें आसमान पर हूं। मेरा बेटा यहां है, परिवार यहां है। हमने जीत के लिये बहूत मेहनत की है। इससे बढकर कुछ नहीं। हम इस स्तर पर खेलने के लिये ही खेलते हैं।' उन्होंने कहा,'' बड़े मैच में आप और बेहतर करते हैं। मैं पूरे टूर्नामेंट में काफी स्पष्ट और शांतचित्त रहा। अब जीत के बाद जज्बात हावी हो सकते हैं।'' उन्होंने कहा ,'' मैं आम तौर पर जज्बात जाहिर नहीं करता लेकिन अब काम पूरा हो गया है। आज मेरे पास शब्द नहीं है। मैं मैच के बाद रोता नहीं लेकिन आज भावनायें हावी हो रही है।

5.3 करोड़ दर्शकों ने भारत-दक्षिण अफ्रीका टी-20 विश्व कप फाइनल मैच देखा

नयी दिल्ली, 30 जून। टी20 विश्व कप फाइनल मैच को ओटीटी स्ट्रीमिंग मंच पर 5.3 करोड़ लोगों ने देखा। हालांकि यह आंकड़ा पिछले साल नवंबर में हुए एकदिवसीय विश्वकप फाइनल मैच के रिकॉर्ड दर्शकों से कम रहा। शनिवार रात हुए टी-20 विश्वकप फाइनल मैच को जीतकर भारत ने आईसीसी ट्रॉफी उठाने के 13 साल के इंतजार को समाप्त किया। भारत-दक्षिण अफ्रीका आईसीसी पुरुष टी-20 क्रिकेट विश्व कप फाइनल मैच को शनिवार को डिज्नी हॉटस्टार ओटीटी मंच पर लगभग 5.3 करोड़ दर्शकों ने देखा। पिछले साल 20 नवंबर को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 50 ओवरों के प्रारूप के फाइनल मैच को देखने वालों की अधिकतम संख्या 5.9 करोड़ थी। हालांकि मेजबान देश भारत हार गया था। उद्योग विशेषज्ञों के अनुसार, यह 5.9 करोड़ अभी भी किसी भी क्रिकेट मैच की लाइव स्ट्रीमिंग के लिए सर्वोच्च दर्शक संख्या का रिकॉर्ड है। टी-20 क्रिकेट विश्व कप में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 24 जून को खेले गए नॉकआउट मैच में अधिकतम दर्शक संख्या 3.9 करोड़ रही थी। डिज्नी स्टार के पास 'लीनियर' और डिजिटल दोनों प्लेटफार्मों के लिए विशेष प्रसारण और मीडिया अधिकार हैं। शनिवार के फाइनल मैच का सीधा प्रसारण डिज्नी स्टार द्वारा स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर भी किया गया, लेकिन दर्शकों की संख्या टेलीविजन दर्शक मापन निकाय ब्रॉडकास्ट ऑडियंस रिसर्च काउंसिल द्वारा एक सप्ताह बाद ही जारी की जाएगी।

हमने इस आईसीसी ट्रॉफी के लिये तीन चार साल कड़ी मेहनत की है : रोहित शर्मा

ब्रिजटाउन, 30 जून। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टी20 विश्व कप जीतने के बाद भावुक होते हुए कहा कि उनकी टीम ने सिर्फ फाइनल में ही अच्छा प्रदर्शन नहीं किया बल्कि इसके लिये पिछले तीन साल से कड़ी मेहनत कर रही थी। भारत ने दक्षिण अफ्रीका को रोमांचक फाइनल में सात रन से हराकर 11 साल बाद आईसीसी खिताब जीता। कपिल देव और महेंद्र सिंह धोनी के बाद विश्व कप जीतने वाले रोहित तीसरे भारतीय कप्तान बन गए। उन्होंने कहा ,'' मैं बता नहीं सकता कि इस समय कैसा महसूस कर रहा हूं। शब्दों में नहीं बता सकता। पिछली रात मैं सो नहीं सका। मैं हर हालत में जीतना चाहता था।'' उन्होंने कहा ,'' यह बताना मुश्किल है कि पिछले तीन चार साल में हमने कितनी मेहनत की है। सिर्फ आज की बात नहीं है , इसके पीछे तीन चार साल की मेहनत है।'' पिछले साल वनडे विश्व कप फाइनल में मिली हार को वह भूले नहीं है। उन्होंने कहा ,'' कई दबाव भरे मुकाबलों में हम जीत नहीं सके। खिलाड़ियों को पता है कि दबाव में क्या करना है और आज उसका परफेक्ट उदाहरण था। हम एक साथ डटे रहे।'' पिछले 15 साल से अधिक समय से विराट कोहली के साथ खेल रहे रोहित ने कहा कि कोहली के फॉर्म को लेकर किसी को संदेह नहीं था।

मोदी ने विश्वकप जीतने पर भारतीय टीम को दी बधाई

नई दिल्ली, 30 जून। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को भारतीय क्रिकेट टीम के सदस्यों से फोन पर बात की और उन्हें टी20 विश्वकप जीतने पर बधाई दी। अधिकारियों ने बताया कि मोदी ने भारतीय क्रिकेटर रोहित शर्मा को उनकी शानदार कप्तानी के लिए बधाई दी और उनके टी20 करियर की सराहना की। प्रधानमंत्री ने फाइनल मुकाबले में विराट कोहली की पारी के लिए उनकी भी प्रशंसा की और साथ ही भारतीय क्रिकेट में उनके योगदान की सराहना की। शर्मा और कोहली, दोनों ने टी20 विश्वकप जीतने के बाद क्रिकेट के इस प्रारूप के अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों से संन्यास लेने की घोषणा की है। अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने फाइनल मुकाबले के अंतिम ओवर के लिए हार्दिक पांड्या तथा बाउंड्री पर डेविड मिलर का कैच पकड़ने के लिए सूर्यकुमार यादव की तारीफ की। उन्होंने जसप्रीत बुमराह के योगदान की भी सराहना की। प्रधानमंत्री ने कोच राहुल द्रविड़ का भारतीय क्रिकेट में योगदान के लिए आभार जताया।

रोहित-कोहली रिटायरमेंट : टी-20 से खत्म हुआ रोहित-कोहली युग, खिताब के साथ मिला यादगार फेयरवेल

रोहित-विराट सबसे ज्यादा आईसीसी फाइनल खेलने वाले खिलाड़ी रहे, दोनों ने 8-8 फाइनल खेले

ब्रिजटाउन, 30 जून। विराट कोहली और रोहित शर्मा ने टी20 विश्व कप 2024 का खिताब जीतने के बाद इस फॉर्मेट से संन्यास का ऐलान कर दिया। कोहली और रोहित का टीम इंडिया के शानदार प्रदर्शन रहा है। रोहित बतौर कप्तान सफल रहे हैं। उन्हें कोहली के बाद यह जिम्मेदारी सौंपी गई थी, जिसमें वे सफल रहे। रोहित और कोहली के संन्यास के साथ एक युग का अंत हुआ। कोहली ने टी20 इंटरनेशनल कई रिकॉर्ड बनाए हैं, जिन्हें तोड़ना किसी भी खिलाड़ी के लिए आसान नहीं होगा। हालांकि अब दोनों को यादगार फेयरवेल मिल गया है।

टीम इंडिया ने 17 साल बाद टी20 विश्व कप का खिताब जीता है। भारत ने पहली बार महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में 2007 में यह खिताब जीता था। लेकिन अब रोहित शर्मा ने एक बार फिर से फैंस के सपने को साकार कर दिया है। रोहित की कप्तानी में भारतीय टीम वनडे विश्व कप 2023 के फाइनल तक भी पहुंची थी। लेकिन यहां उसे हार का सामना करना पड़ा था। हालांकि इस बार रोहित ने फैंस को निराशा नहीं किया और टीम को चैंपियन बनाया।

दमदार रहा विराट का टी20 इंटरनेशनल करियर : विराट दुनिया के उन चुनिंदा खिलाड़ियों में से हैं, जिन्होंने अपने दम पर करियर को आसमान तक पहुंचाया. इसके साथ-साथ टीम का भी परचम बुलंद रहा। कोहली टी20 इंटरनेशनल करियर पर नजर डालें तो वह शानदार रहा है। उन्होंने 125 मैचों में 4188 रन बनाए हैं। उन्होंने इस दौरान 1 शतक और 38 अर्धशतक लगाए हैं। कोहली का सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 122 रन रहा है। कोहली टीम इंडिया के लिए एक भरोसे की तरह रहे हैं। हालांकि उनके लिए यह टी20 विश्व कप अच्छा नहीं रहा। लेकिन उन्होंने फाइनल में 76 रनों की पारी खेलकर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई।

रोहित ने टी20 इंटरनेशनल में लगाए हैं 5 शतक : रोहित की बात करें तो वे भी दमदार प्लेयर के रूप में उबरे और इसके बाद सफल कप्तान भी साबित हुए। रोहित ताबड़तोड़ बैटिंग के लिए मशहूर रहे हैं। वे स्थिति को देखकर खेलते हैं. लेकिन अधिकतर समय अटैकिंग अप्रोच के साथ नजर आए। रोहित ने भारत के लिए 159 टी20 मैच खेले. इस दौरान 4231 रन बनाए. उन्होंने इस फॉर्मेट में 5 शतक और 32 अर्धशतक लगाए। रोहित का सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 121 रन रहा। उन्होंने कई यादगार पारियां खेली हैं। अहम बात यह है कि उनकी बैटिंग भारत को मुश्किल परिस्थिति में जीत दिलाने में कामयाब भी रही है।

रविन्द्र जडेजा ने टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों को कहा अलविदा

ब्रिजटाउन, 30 जून। विराट कोहली और रोहित शर्मा के बाद अब रविंद्र जडेजा ने भी टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों को अलविदा कह दिया है। जडेजा ने रविवार को टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। क्रिकेटर ने टी20 विश्व कप 2024 की ट्रॉफी के साथ अपनी एक मुस्कुराती हुई तस्वीर साझा की, जिसके साथ उन्होंने एक भावुक नोट लिखकर अपने संन्यास लेने का ऐलान किया। विराट, रोहित और अब जडेजा के संन्यास की खबर ने क्रिकेट के चाहनेवालों के दिल तोड़ दिए हैं। टी20 विश्व कप की ट्रॉफी जीतने की खुशी के बीच भारतीय क्रिकेट के नामी खिलाड़ियों को संन्यास लेता देख लोग भावुक हो गए हैं।

जडेजा ने रविवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर टी20 विश्व कप 2024 की ट्रॉफी थामे अपनी एक तस्वीर साझा की। इस तस्वीर के साथ उन्होंने लिखा, मैं दिल से कृतज्ञता के साथ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों को अलविदा कहता हूं। गर्व से सरपट दौड़ने वाले एक दृढ़ घोड़े की तरह, मैंने हमेशा अपने देश के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ दिया है और अन्य प्रारूपों में भी ऐसा करना जारी रखूंगा। जडेजा ने आगे लिखा कि टी20 विश्व कप जीतना एक सपना सच होने जैसा था, मेरे टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर का शिखर। यादों, उत्साह और अटूट समर्थन के लिए धन्यवाद। जय हिंद।

कोपा अमेरिका : अर्जेंटीना ने मेसी के बिना दर्ज की जीत

पेरु को 2-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई

नई दिल्ली, 30 जून। अर्जेंटीना ने कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट में पेरू को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। मियामी के हार्ड रॉक स्टेडियम में खेल गए मुकाबले में अर्जेंटीना के खिलाड़ियों को लियोनेल मेसी की कमी नहीं खली। इस जीत के साथ ही अर्जेंटीना ग्रुप-ए की प्वाइंट्स टेबल में टॉप पर पहुंच गया है। अर्जेंटीना ने पेरू को 2-0 से हराया।

लियोनेल मेसी को हैमस्ट्रिंग में दर्द की शिकायत के बाद टीम से बाहर होना पड़ा। वहीं, कोच लियोनेल स्कोलोनी के एक मैच के निलंबन के कारण अर्जेंटीना ने अपने शुरुआती प्लेइंग 11 में नौ बदलाव किए। हालांकि, मैच के दौरान इन दोनों की कमी टीम को नहीं खली और खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन करते हुए

पेरू पर शानदार जीत दर्ज की। इस जीत के चलते अर्जेंटीना ने क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है।

बात करें मैच कि तो अर्जेंटीना के लिए पहला गोल मार्टिनेज ने किया। मार्टिनेज ने हाफ टाइम के ठीक बाद आया यह गोल। 47वें मिनट में एंजेल डि मारिया की शानदार थ्रू बॉल को मार्टिनेज लेकर आगे बढ़े और पेरू के गोलकीपर पेड्रो गैलेसे को छकाते हुए गोल कर दिया। 72वें मिनट में अर्जेंटीना को अपनी बढ़त दोगुनी करने का मौका मिला। हालांकि, वह गंवा दिया। मैच के 86वें मिनट में मार्टिनेज ने टीम के लिए दूसरा गोल दागा। ई फर्नांडीज के शानदार पर पास पर गेंद लेकर आगे बढ़कर गोल दागा। रिप्ले से पता चला कि मार्टिनेज ने डिफेंडर एल्डो कोरजो को धक्का दिया था, लेकिन रेफरी सीजर रामोस ने पेरू के विरोध को नजरअंदाज कर दिया और गोल बरकरार रहा। इस तरह अर्जेंटीना ने 2-0 से मैच अपने नाम किया।

इस टीम ने आलोचकों को चुप किया : जय शाह

नयी दिल्ली, 30 जून। भारतीय क्रिकेट बोर्ड सचिव जय शाह ने शनिवार को टी20 विश्व कप में भारत की ऐतिहासिक खिताबी जीत की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने असाधारण प्रदर्शन से अपने आलोचकों को चुप करा दिया। भारत ने बारबाडोस के ब्रिजटाउन में फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर अपना दूसरा टी20 विश्व खिताब जीता।

शाह ने एक बयान में कहा, ''रोहित शर्मा के असाधारण नेतृत्व में इस टीम ने शानदार दृढ़ संकल्प और लचीलापन दिखाया है जो आईसीसी टी20 विश्व कप के इतिहास में एक भी मैच गंवाये बिना टूर्नामेंट को जीतने वाली पहली टीम बन गई है।'' शाह ने भारत के खिताबी अभियान को प्रेरणादायक करार देते हुए कहा, ''खिलाड़ियों ने आलोचकों का सामना किया और बार बार शानदार प्रदर्शन से उन्हें चुप कराया। खिलाड़ियों का सफर प्रेरणादायक रहा है साथ ही उन्होंने टीम की कड़ी मेहनत की भी प्रशंसा की और कहा, ''इस टीम ने अपने समर्पण, कड़ी मेहनत और अदम्य जज्बे से सभी को गौरवान्वित किया है।

रोहित ने खिताब जीत के बाद केनिंग्सटन ओवल की पिच का स्वाद चखा

ब्रिजटाउन, 30 जून। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टी20 विश्व की खिताबी जीत के बाद यहां केंसिंग्टन ओवल मैदान की पिच का स्वाद उसी तरह से चखा, जैसा की नोवाक जोकोविच विंबलडन जीतने के बाद करते हैं। भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम को 11 वर्षों में पहली वैश्विक ट्रॉफी दिलाने के बाद रोहित मैदान पर जश्न बनाने के बाद चुपचाप उस पिच की ओर बढ़े जिस पर यह मुकाबला खेला गया था। उन्होंने थोड़ी सी मिट्टी उठा कर उसे अपनी जीभ पर रखा।

महान टेनिस खिलाड़ी जोकोविच के प्रशंसकों के लिए यह दृश्य कोई नया नहीं था। सर्बिया का यह खिलाड़ी विंबलडन खिताब जीतने के बाद आम तौर पर सेंटर कोर्ट से एक चुटकी घास को उखाड़ कर उसे चबाना पसंद करता है। यह ऐसा पल होता है जिसे फोटग्राफर और वीडियाग्राफर कैमरे में कैद करना चाहते हैं। रोहित के पिच की मिट्टी चखने के वीडियो को प्रसारकों ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर साझा किया। इस मामले में विंबलडन का आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल भी पीछे नहीं रहा। विंबलडन के आधिकारिक इंस्टाग्राम पेज पर जोकोविच और रोहित की तस्वीरों को एक लगाकर पोस्ट किया गया।

यह दिल को झकझोरने वाली हार है : एडेन मारक्रम

ब्रिजटाउन, 30 जून। टी20 विश्व कप के फाइनल में भारत के खिलाफ निराशाजनक हार को दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन मारक्रम ने चुभने वाला करार देते हुए उम्मीद जतायी कि यह प्रदर्शन अगली बार टीम को बेहतर करने के लिए प्रेरित करेगा। जीत के लिए 176 रन का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका की टीम हेनरिच क्लासेन की 27 गेंद में 52 रन की पारी के दम पर 15वें ओवर के बाद बेहद मजबूत स्थिति में थी। टीम को आखिरी 30 गेंद में 30 रन की जरूरत थी लेकिन भारत ने शानदार वापसी करते हुए सात रन की रोमांचक जीत दर्ज की।

आखिरी ओवरों में जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पंड्या ने कमाल की गेंदबाजी की जबकि सूर्यकुमार यादव ने दबाव की परिस्थिति में कमाल का कैच लपका। इससे पहले विराट कोहली ने 76 रन की पारी खेल भारत को प्रतिस्पर्धी स्कोर तक पहुंचाया। मारक्रम ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, '' यह क्रिकेट का पहला मैच नहीं है जिसमें 30 गेंदों में से 30 की जरूरत वाली टीम को हार का सामना करना पड़ा है। भारत ने अच्छी गेंदबाजी और कमाल के क्षेत्ररक्षण से शानदार वापसी की।'' इस 29 साल के खिलाड़ी ने कहा, ''अभी किसी एक चीज को हार का कारण बताना मुश्किल है। हम अगले कुछ दिनों में, अगले कुछ हफ्तों में इस बारे में विचार करेंगे, उन क्षेत्रों को ढूंढने का प्रयास करेंगे जिसमें हम आज के मैच के दौरान सुधार कर सकते थे। हम इसके साथ ही उन चीजों के बारे में भी सोचेंगे जो हमारे लिए वास्तव में अच्छा रहा है।'' हार के गम के बावजूद मारक्रम को विश्व कप फाइनल में पहुंचने पर टीम के साथी खिलाड़ियों पर गर्व है।

उन्होंने कहा, '' मैं यह बात कहना चाहूंगा कि मुझे अपनी टीम के खिलाड़ियों पर काफी गर्व है। हम सिर्फ आज के प्रदर्शन से नहीं बल्कि टीम ने इस पूरे टूर्नामेंट और उससे पहले तैयारियों के दौरान शानदार प्रदर्शन किया है। '' मारक्रम ने कहा, ''यह हार चुभने वाली है लेकिन इससे आने वाले टूर्नामेंटों में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए टीम की भूख बढ़ेगी।''

मैं यहां भार मुक्ति के लिए नहीं आया था, मेरे लिये जिन्दगी भर की यादें है : द्रविड़

ब्रिजटाउन, 30 जून। आम तौर पर शांतचित्त रहने वाले राहुल द्रविड़ टी20 विश्व कप जीतने के बाद बच्चों की तरह उछलते नजर आये और बतौर खिलाड़ी जो ट्रॉफी नहीं जीत सके, उसे कोच के तौर पर दिलाने के लिये उन्होंने अपनी टीम को धन्यवाद दिया। रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत ने रोमांचक फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर आईसीसी खिताब के लिये 11 साल का इंतजार खत्म किया। द्रविड़ ने जीत के बाद कहा ,'' पिछले कुछ घंटों में मेरे पास शब्द नहीं है। मुझे इस टीम पर गर्व है , जिस तरह से कठिन परिस्थितियों में टीम ने संघर्ष किया।'' उन्होंने कहा ,'' पहले छह ओवर में तीन विकेट गंवाने के बाद इस तरह की जीत दर्ज करना बताता है कि यह टीम जुझारूपन छोड़ने वाली नहीं है।

एक खिलाड़ी के तौर पर मैं इतना खुशकिस्मत नहीं रहा कि विश्व कप जीत सकूं। मैने खेलने के दिनों में अपनी ओर से पूरी कोशिश की लेकिन खेल में यह सब होता है।'' द्रविड़ के लिये यह जीत एक तरह से भार मुक्ति की तरह भी रही जिनकी कप्तानी में 2007 वनडे विश्व कप में टीम पहले दौर में बाहर हो गई थी। द्रविड़ ने हालांकि कहा कि वह इस तरह के शब्दों में विश्वास नहीं करते। द्रविड़ का भारत के कोच के रूप में कार्यकाल भी खत्म हो गया। उन्होंने कहा ,'' इस तरह के ड्रेसिंग रूम का हिस्सा रहना अद्भुत था। यह जिंदगी भर ही यादें हैं।मैं टीम और सहयोगी स्टाफ को इसके लिये धन्यवाद देता हूं।''

भविष्य में प्रदेश के खेल चढ़ेंगे परवान : विश्नोई

खेलों इंडिया यूथ गेम्स की तर्ज पर खेलों राजस्थान यूथ गेम्स करेंगे आयोजित

जयपुर, 30 जून।वाले समय में राजस्थान के खेलो की दशा और दिशा में बदलाव देखने को मिलेगा। इस तरह का बदलाव आगामी बजट में किया जायेगा कि उसमें रूढिवादिता के परे नये नवाचार दिखाई देंगें, जिससे भविष्य में खेलो के विकास को गति मिलेगी, यह बात खेल राज्य मंत्री केके विश्नोई ने रविवार को सवाई मानसिंह इण्डोर स्टेडियम में 64वां केन्द्रीय आवासीय खेलकूद प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह के अवसर पर कही। खेल राज्य मंत्री ने कहा कि 10 करोड की लागत से जयपुर में सेन्टर ऑफ ऐक्सीलेन्स फोर स्पोर्ट्स भी स्थापित किया जायेगा। साथ ही जयपुर, भरतपुर एवं उदयपुर में बालिकाओं के लिए रेजीडेन्शियल गर्ल्स स्पोर्ट्स इंस्टीट्यूट प्रत्येक के लिये 25 करोड़ की राशि से स्थापित किया जायेगा।

उन्होने कहा कि प्रति वर्ष ''खेलों इंडिया यूथ गेम्स'' की तर्ज पर ''खेलों राजस्थान यूथ गेम्स'' का आयोजन करेंगे। पिछले दस सालो में देश ने अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर कई पदक जीते है। अब प्रदेश की नई खेल नीति से खिलाडियों को अधिक सुविधाऐ देने का प्रयास करेगें। 20 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के समापन पर अपने विचार व्यक्त करते हुए विश्नोई ने शिविर में भाग लेने वाले प्रशिक्षणार्थियों को कहा कि जब आप यहा से अपने-अपने घरो को जाये तो अपने अनुभव दोस्तो व साथियों के साथ शेयर करेगें तो उन्हे भी प्रेरणा मिलेगी और भविष्य में वे भी इस प्रतिष्ठित कैम्प का हिस्सा बनने का प्रयास करेगें जिससे खेलो को प्रदेश के दूरदराज क्षेत्रो में गति मिलेगी।

इससे पूर्व खेल परिषद के वित्तीय सलाहकार महावीर प्रसाद मीणा ने कहा कि खेलो में काफी स्कोप है। पहले क्रिकेट ही खेलो की धुरी थी लेकिन अब अन्य खेलो में भी स्कोप है। जबकी मुख्य खेल अधिकारी वीरेन्द्र पूनिया ने खेल राज्यमंत्री से परिषद में खेल प्रशिक्षकों की भर्ती करने का आग्रह किया। इस अवसर पर शिविर निदेशक सबल प्रताप सिंह ने प्रतियोगिता का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इससे पूर्व जनसम्पर्क अधिकारी तेजराज सिंह, सहायक शिविर निदेशक मीना शर्मा व अतुल शर्मा सहित परिषद के प्रशिक्षकों ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस मौके पर खेल राज्य मंत्री ने शिविर में शामिल सभी 15 खेलो के सर्वश्रेष्ठ बालक/बालिकाओं को सम्मानित किया।

टीम इंडिया पर हुई पैसों की बारिश

टीम इंडिया को 125 करोड़ रुपये देगा बीसीसीआई

चैम्पियन बनने पर मिले 20.36 करोड़ रुपये

नई दिल्ली, 30 जून। टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय टीम को 125 करोड़ रुपए कैश प्राइज देगा। बोर्ड के सचिव जय शाह ने रविवार को खुद इसका ऐलान किया। शाह ने पर लिखा- मुझे यह ऐलान करते हुए बहुत खुशी हो रही है कि टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम इंडिया को 125 करोड़ रुपए की इनामी राशि दी जाएगी। टीम ने पूरे टूर्नामेंट में जबर्दस्त टैलेंट, समर्पण और खेल भावना का प्रदर्शन किया। मैं इस असाधारण उपलब्धि के लिए सभी खिलाड़ियों, कोच और सपोर्ट स्टाफ को बधाई देता हूं। भारतीय टीम को एक दिन पहले वर्ल्ड चैंपियन बनने पर 20.36 करोड़ रुपए की इनामी राशि मिली है। ने इस टूर्नामेंट से पहले इनामी राशि बढ़ने का ऐलान किया था।

फॉलोआन खेल रही द. अफ्रीका ने दूसरी पारी में अपनी पकड़ मजबूत की

सुने लुस ने शतक तथा कप्तान लॉरा वुलफार्ट ने नाबाद 93 रन बनाए

चेन्नई, 29 जून। सुने लुस (109) की शतकीय और कप्तान लॉरा वुलफार्ट नाबाद (93) रनों की पारियों के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने पहली पारी में 337 रनों से पिछड़ने के बाद आज दिन का खेल समाप्त होने तक दो विकेट पर 232 रन कर मुकाबले पर अपनी पकड़ बना ली हैं।

फॉलोऑन खेल रही दक्षिण अफ्रीका की दूसरी पारी की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही अन्नेका बोश (9) का विकेट गवां कर संकट में फंस गयी थी। ऐसे समय में सुने लुस और कप्तान लॉरा वुलफार्ट ने पारी को संभाला। दूसरे विकेट के रूप में सुने लुस 109 रन बनाकर आउट हुईं। दिन का खेल समाप्त होने तक दखिण अफ्रीका ने दो विकेट पर 232 रन बना लिये है हालंकि वह अभी 105 रन पीछे है। कप्तान लॉरा वुलफार्ट नाबाद (93) और मैरिजान कप्प (15) रन बनाकर क्रीज पर है। भारत की ओर से दूसरी पारी में

दीप्त शर्मा और हरमीत कौर ने एक-एक विकेट लिये।

इससे पहले स्नेह राणा (आठ विकेट) के शानदार स्पैल की बदौलत भारतीय महिला टीम ने बल्लेबाजी के लिये मुफीद चेपॉक की सपाट पिच मेहमान दक्षिण अफ्रीका रविवार को पहली पारी में 266 रन पर ढ़ेर कर 337 रनों की बढ़त बना ली है।

आज सुबह दक्षिण अफ्रीका ने चार विकेट पर 236 रनों के कल के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। कल दिन खेल समाप्त होने के समय मैरिजान कप्प (69) और नडीन डी क्लर्क ने (27) ने पारी को आगे बढ़ाया। स्नेहा राणा ने शुरुआत स्पैल में मैरिजान कप्प (74) को बोल्ड कर दक्षिण अफ्रीका को पहला झटका दिया। इसके बाद तो दक्षिण अफ्रीका की टीम मात्र 30 रन जोड़कर ताश के पत्तों की तरह ढ़ह गई।

नडीन डी क्लर्क (39), सिनालो जाफ्टा (शून्य), अनरी डर्कसन (5), मासाबाटा क्लास (1) और नोनकुलुलेको म्लाबा (2) रन बनाकर आउट हुई। दक्षिण अफ्रीका की पूरी टीम 266 रनों पर सिमट गई। भारत को पहली पारी में बनाये गये (छह विकेट पर 603 पारी घोषित) के स्कोर के आधार पर 337 रनों की बढ़त मिली है। भारत की ओर से स्नेह राणा ने 25.3 में 77 रन पर आठ विकेट लिये। दीप्ति शर्मा को 21 ओवर में 47 रन देकर दो विकेट मिले।